**निबंधन और शर्तें**
**प्रमुख परामर्शदाता – बाल स्वास्थ्य (एम एंड ई और प्रलेखन) – एक पद**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद हेतु पूर्णत: संविदात्मक आधार पर उपर्युक्त पद पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**रिपोर्टिंग :** उपायुक्त (बाल स्वास्थ्य), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय।

**भूमिकाएं और उत्तरदायित्व :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत बाल स्वास्थ्य कार्यकलापों के कार्यान्वयन की मॉनीटरिंग करने में बाल स्वास्थ्य प्रभाग की सहायता करना।

1. बाल स्वास्थ्य कार्यकलापों से संबंधित सभी कार्यों की आयोजना, समीक्षा, कार्यान्वयन पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को तकनीकी प्रबंधकीय सहायता उपलब्ध कराना।
2. आंकड़ों के विश्लेषण के संबंध में क्षमता निर्माण हेतु योजनाएं विकसित करना और आयोजना/बजट के लिए उनका समय से उपयोग करना।
3. प्रशिक्षणों और क्षमता निर्माण, आंकड़ा विश्लेषण और उनके उपयोग (अंतर विश्लेषण/समस्या विश्लेषण, क्षमता निर्माण सहित) में सहायता करना।
4. निर्णय लेने के लिए उच्चाधिकारियों को सूचित करने हेतु तिमाही आधार पर आंकड़ों का विश्लेषण, कार्यक्रम एवं स्थिति की समीक्षा करना। बाल स्वास्थ्य और आरएमएनसीएच+ए से संबंधित सर्वेक्षणों के आंकड़ों का समय-समय पर विस्तार करना और रिपोर्टें एवं स्थिति दस्तावेज तैयार करना)।
5. पोषण कार्यक्रमों/परियोजनाओं की नीति एवं विकास, अभिकल्प और प्रबंधन का मार्गदर्शन करने हेतु उपलब्ध बाल स्वास्थ्य तथा संबंधित कारकों के बारे में समय से व्यापक और वर्तमान आंकड़ों को सुनिश्चित करने हेतु, आरएमएनसीएच+ए के तहत बाल स्वास्थ्य परिदृश्य के लिए स्थिति विश्लेषण में सहयोग करना/तैयारी में सहायता करना/डिजाइन करना और संचालन करना/अद्यतन करना।
6. कार्य योजनाओं, बजट, कार्यकलापों, निगरानी और मूल्यांकन (एम एंड ई) ढांचे सहित कार्यक्रम कार्यकलापों को विकसित करने, उन्हें कार्यान्वित करने, उनकी निगरानी करने तथा रिपोर्ट करने के लिए भागीदारों और राज्य सरकार के समकक्षों के साथ काम करना और क्षमता निर्माण हेतु रिपोर्ट करना।
7. फील्ड दौरों के माध्यम से तकनीकी रिपोर्टें तैयार करने तथा मौजूदा दिशानिर्देशों और प्रशिक्षण मैन्युअलों की समीक्षा करने में सहायता करना तथा उनका राज्य/जिला स्तरों पर प्रचार-प्रसार करना।
8. सेवा प्रदानगी प्रणाली में सुधार के उद्देश्य से आयोजना (अर्थात् राज्य पीआईपी तैयार करना) करने, राज्य स्तर पर कार्यान्वयन करने, नवजात एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए कार्रवाई करने और वर्तमान समीक्षा में आंकड़ों का उपयोग करने में संबंधित सरकारी कर्मचारियों के साथ समन्वय करना तथा उन्हें सहायता उपलब्ध करना।
9. कार्यक्रम के लिए परिचालन दिशानिर्देश, श्वेत पत्र, नीतिगत नोट तैयार करना।
10. राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए राज्यों और जिलों में आवधिक फील्ड दौरे करना, कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों की पहचान करना और उनका समुचित समाधान निकालने में राज्यों की सहायता करना।
11. बाल स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से तकनीकी दस्तावेजों की समीक्षा करना और टिप्पणियां देना।
12. संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का निष्पादन।

**अर्हताएं:**

1. सामाजिक कार्य /जनसंख्या अध्ययन में स्नातकोत्तर डिग्री/स्वास्थ्य प्रबंधन में एमबीए/स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा।
2. सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कम से कम 7+ वर्षों का अनुभव, जिनमें से राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर सरकारी संस्थानों में प्रजनन और बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) के क्षेत्र में 2-3 वर्ष का अनुभव। राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर एनएचएम/आरसीएच के साथ कार्य कर चुके अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।
3. भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली, मुख्य हितधारकों और संगत सरकारी नीतियों/कार्यनीतियों, विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जानकारी होना।
4. संवाद और प्रस्तुतीकरण में उत्कृष्ट कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक योग्यताएं, अंग्रेजी में बातचीत करने एवं लेखन दक्षता।
5. विभिन्न विषयक टीम वातावरण में कार्य करने की क्षमता प्रदर्शित की हो।
6. फील्ड स्तर पर आरसीएच प्रशिक्षण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में अनुभव।

7. संगत आंकड़ों और दस्तावेजों की खोज करने के लिए एमएस वर्ड, एक्सेल, पॉवर प्वाइंट और वेब-सर्फिंग जैसे सामान्यत: उपयोग में आने वाले पैकेजों के बारे में उच्च स्तरीय जानकारी के साथ कम्प्यूटर में दक्षता।
8. सौंपे गए भिन्न-भिन्न कार्यों को तय समय-सीमा में निपटाने की योग्यता।
9. तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने हेतु राज्यों और जिलों का दौरा करने की इच्छाशक्ति और सौंपे गए विभिन्न कार्यों को पूरा करने की योग्यता के साथ-साथ उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूरा करना।
10. उच्च गुणवत्ता का कार्य प्रकाशित होने अथवा संगत विशेष के कार्य का अनुभव होने की स्थिति में औपचारिक शैक्षिक योग्यता और अनुभव में छूट दी जा सकती है।

**वांछनीय :**

1. परियोजना प्रबंधन/ स्वास्थ्य कार्यक्रमों के एम एंड ई / सार्वजनिक स्वास्थ्य में जीआईएस प्रबंधन में डिप्लोमा/सर्टिफिकेट।
2. जीबीडी मूल्यांकन टूल और जीआईएम मैपिंग में कार्यसाधक ज्ञान अनिवार्य है।
3. प्रजनन और बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य।

**आयु सीमा :** आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 55 वर्ष तक और अत्यधिक दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य हो।

**पारिश्रमिक :** प्रतिमाह रु. 1,30,000/- से रु. 1,50,000/- के बीच।

**स्थान :** नई दिल्ली, राज्यों और जिलों की यात्रा करने के इच्छुक हों।

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 12 जुलाई, 2018 तक rch.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।